तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 22 जनवरी 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 पीडीएस दुकान में धांधली, कार्रवाई की मांग को लेकर हितग्राही पहुंचे कलेक्टर दफ्तर



## खबर संक्षेप

### सांसद सदस्य सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 23 को

**अंबिकापुर।** सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति सरगुजा की बैठक 23 जनवरी को प्रातः 11 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में सर्वसम्बन्धितों को निर्धारित तिथि एवं समय में उपस्थित होने का आह्वान किया गया है।

### युवा उड़ान के तहत आनंद व नीलोत्पल आज करेंगे युवाओं से चर्चा

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग एवं जिला प्रशासन सरगुज़ा के संयुक्त तत्वावधान में 22 जनवरी को प्रातः 11:00 बजे अम्बिकापुर के कलाकेन्द्र मैदान में युवा उड़ान 2026 कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में युवाओं के कैरियर मार्गदर्शन, व्यक्तित्व विकास एवं साहित्यिक चेतना के विस्तार के उद्देश्य से विकसित भारत, विकसित छत्तीसगढ़, विकसित सरगुजा-युवा उड़ान 2026 आयोजित कार्यक्रम में देश के प्रख्यात गणितज्ञ, शिक्षाविद एवं सुपर-30 के संस्थापक आनंद कुमार तथा सुप्रसिद्ध लेखक एवं कवि नीलोत्पल मृणाल मुख्य मार्गदर्शक के रूप में युवाओं को संबोधित करेंगे। इसके अतिरिक्त अन्य युथ आइकॉन भी कार्यक्रम में शामिल होकर युवाओं को कैरियर, शिक्षा एवं जीवन कौशल से संबंधित मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद चिंतामणी महाराज करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक प्रबोध मिंज, विधायक रामकुमार टोप्पो, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य गृह निर्माण मण्डल अनुराग सिंहदेव, छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, जिपं अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह, सभापति ननि हरमिन्दर सिंह टिन्नी एवं जिपं उपाध्यक्ष देवनारायण यादव उपस्थित रहेंगे।

### जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक 29 को

**अंबिकापुर।** आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि वन अधिकारों की मान्यता अधिनियम 2006 यथा संशोधित नियम 2012 अंतर्गत गठित जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक का आयोजन कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की अध्यक्षता में 29 जनवरी को दोपहर 3 बजे कलेक्टरेट सभाकक्ष में किया गया है। बैठक में जिला स्तरीय वन अधिकार समिति को प्राप्त व्यक्तिगत वन अधिकार दावों की समीक्षा सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी।

### छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा 1 फरवरी को

**अंबिकापुर।** व्यापम द्वारा सरगुजा जिले में 1 फरवरी को छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा 2026 का आयोजन दो पालियों में किया जा रहा है। परीक्षा प्रथम पाली में जिले के 24 परीक्षा केन्द्रों में प्राथमिक कक्षाओं में अध्यापन हेतु पूर्वान्ह 9.30 से 12.15 बजे तक परीक्षा आयोजित होगी, जिसमें कुल 9,416 अभ्यर्थी शामिल होंगे। इसी प्रकार द्वितीय पाली में जिले के 49 परीक्षा केन्द्रों में माध्यमिक कक्षाओं में अध्यापन हेतु अपरान्ह 3 बजे से 5.45 बजे तक परीक्षा आयोजित होगी, जिसमें कुल 16,916 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के दो घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र में पहुंचे, ताकि फ्रिस्किंग एवं सत्यापन किया जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जायेगा। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 9.30 बजे से प्रारंभ हो रही है अतः मुख्य द्वार प्रातः 9 बजे बंद कर दिया जाएगा। द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 3 बजे प्रारंभ हो रही है इसलिए मुख्य द्वार दोपहर 2.30 बजे बंद कर दिया जाएगा। परीक्षार्थी हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा दें। काला, गहरा नीला, गहरा हरा, जामुनी, मैरून, बैंगनी एवं गहरा चॉकलेटी रंग वर्जित होगा। केवल साधारण स्वेटर(बिना पॉकेट) की अनुमति है, जांच के समय स्वेटर उतारना अनिवार्य है। स्वेटर हेतु हल्के रंग एवं आधे बांह का बंधन नहीं होगा।

## ननि दुकानों की नीलामी कराकर कराएगा निर्माण कार्य

# कंपनी बाजार में 80 पंजीकृत व्यापारी थोक मंडी में दुकानों की संख्या सिर्फ 28

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सुभाषनगर में बनाई गई सब्जी मंडी को शुरू होने में अभी थोड़ा समय और लग सकता है। ऐसा इसलिए क्यों कि सब्जी मंडी में नगर निगम द्वारा फिर से 50 दुकानों के निर्माण की योजना बनाई गई है। नगर निगम द्वारा दुकानों की नीलामी की जाएगी और इसी राशि से दुकानों का निर्माण कराया जाएगा। इसके साथ ही पहले चरण में पूर्व से पंजीकृत सब्जी व्यवसायियों को ही मौका दिया जाएगा।

**खास बात**

- 50 से अधिक दुकानों के निर्माण की योजना

शहर के कंपनी बाजार में संचालित थोक सब्जी मंडी अब छोटी पड़ने लगी है। जगह की कमी के कारण यहां प्रतिदिन गांव से आने वाले किसानों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके साथ ही बीच शहर में थोक सब्जी मंडी होने के कारण भारी वाहनों के आवागमन से आम नागरिकों को भी परेशानी होती है। कंपनी बाजार में प्रतिदिन दर्जनों की संख्या में ट्रक, पिकअप आते है जिससे शहर के बीच में यातायात का दबाव पड़ता है। यही वजह है कि निगम सरकार की ओर से थोक सब्जी मंडी निर्माण की योजना बनाई गई थी। पूर्व में थोक सब्जी मंडी निर्माण के लिए शासन से मिली 3 करोड़ 28 लाख रुपए की राशि से जनवरी 2023 में दुकानों के निर्माण हेतु कार्य शुरू कराया गया था। सुभाषनगर में 6 एकड़ भूमि सब्जी मंडी के लिए आरक्षित किए गए और 2 एकड़ भूमि पर 28 दुकानों, एप्रोच सडक, नाली, पेवर ब्लॉक, नीलामी स्थल, गार्डन, शौचालय, लाइटिंग, पानी की व्यवस्था सहित अन्य कार्य कराए गए और निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके है लेकिन फिलहाल सब्जी मंडी को शिफ्ट करने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा इस लिए क्यों कि कंपनी बाजार में मौजूद दुकानों की तुलना में सुभाषनगर के थोक सब्जी मंडी में बनाई गई दुकानों की संख्या आधी है। इस लिए कंपनी बाजार से थोक सब्जी मंडी को पूर्ण रूप से शिफ्ट करना फिलहाल संभव नहीं है। आधी अधूरी शिफ्टिंग से विवाद की स्थिति निर्मित हो सकती है इसी लिए नगर निगम ने फिर से दुकानों के निर्माण की योजना बनाई गई है।



नवनिर्मित थोक सब्जी मण्डी।

### कंपनी बाजार में 80 का पंजीयन

बताया जा रहा है कि कंपनी बाजार में 80 व्यवसायियों का पंजीयन है लेकिन थोक सब्जी मंडी में वर्तमान में सिर्फ 28 दुकानें ही बनाई गई है। ऐसे में नगर निगम के लिए सभी दुकानों को शिफ्ट करना एक बड़ी चुनौती है। नगर निगम द्वारा दुकानों को शिफ्ट करने के लिए नई दुकानों का निर्माण करना होगा। इसके लिए नगर निगम ने योजना बनाई है कि पूर्व से आबंटित भूमि लगबग 4 एकड़ में दुकान की नीलामी कराई जाएगी और नीलामी से मिली राशि से ही दुकानों का निर्माण कराया जाएगा। नगर निगम द्वारा 50 से अधिक दुकानों के निर्माण की योजना बनाई गई है। बड़ी बात यह है कि नगर निगम ने सब्जी मंडी को शिफ्ट करने के लिए पहले चरण में दुकानों की नीलामी में पूर्व से पंजीकृत व्यवसायियों को ही मौका देने की तैयारी की है।

### 3 करोड़ से अधिक की राशि होगी खर्च

नगर निगम द्वारा वर्तमान में 3.28 करोड़ रुपए की लागत से सुभाष नगर में 28 दुकानें बनाई गई। प्रत्येक दुकान 4.5 बाइक 9 मीटर की है। इसके साथ ही इसी राशि में सभी संसाधन भी सब्जी मंडी में विकसित किए गए। वहीं अब नगर निगम द्वारा 199 लाख रुपए की लागत से मंडी तक जाने वाली सडक का निर्माण कराया जा रहा है जबकि फिर से लगभग 50 अतिरिक्त दुकानों के निर्माण में 3 करोड़ रुपए का खर्च आने की बात कही जा रही है। पिछले दिनों एमआईसी की बैठक में इसपर चर्चा करने के साथ ही सहमती से दुकानों की नीलामी कराकर नीलामी की राशि से निर्माण कराने का निर्णय लिया गया।

### बनाई गई है योजना

सुभाषनगर थोक सब्जी मंडी में 50 अतिरिक्त दुकानों के निर्माण की योजना बनाई गई है। हमने अभी 199 लाख रुपए की लागत से सड़क निर्माण का कार्य शुरू कराया है और अब दुकानों का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए एमआईसी में मंजूरी दी गई है।

-श्रीमती मंजूषा भगत
महापौर

### एक साथ करना है शिफ्ट

कंपनी बाजार की सभी दुकानों को एक साथ थोक सब्जी मंडी में शिफ्ट करना है। दुकानों की संख्या कम है इसलिए नई दुकानों के निर्माण की योजना बनाई गई है। नीलामी की राशि से दुकानों का निर्माण कराया जाएगा। पूर्व से पंजीकृत व्यवसायियों को मौका दिया जाएगा। सड़क निर्माण पूर्ण होते तक दुकानों का निर्माण भी पूर्ण करा लिया जाएगा।

-डीएन कश्यप
आयुक्त ननि

# बायोमेट्रिक अटेंडेंस को लेकर मैदानी अमले में उपजा असंतोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

आधार से जुड़ी बायोमेट्रिक अटेंडेंस को लेकर मैदानी कर्मचारियों में असंतोष पनपने लगा है। मैदानी अमले ने इस प्रक्रिया को अव्यवहारिक बताते हुए बायोमेट्रिक अटेंडेंस से उन्हें पृथक रखने की मांग की है। इस संबंध में पटवारी संघ ने एसडीएम को ज्ञापन सौंप अपनी मंशा से उन्हें अवगत करा दिया है।

- पटवारी संघ ने एसडीएम को ज्ञापन सौंप बताया अव्यवहारिक

विदित हो कि शासकीय कार्यालयों में कर्मचारियों की शत प्रतिशत उपस्थित दर्ज कराने आधार कार्ड से जुड़ा हुआ बायोमेट्रिक अटेंडेंस लागू किया है। इस प्रक्रिया के तहत अधिकारी कर्मचारीयों के लिए सुबह दस बजे एवं शाम साढ़े पांच कार्यालय में बायोमेट्रिक अटेंडेंस दर्ज कराना अनिवार्य किया गया है, इसके साथ ही मैदानी क्षेत्र में काम करने वाले कर्मचारियों पर भी इसे लागू करने के निर्देश जारी किए गए है। उच्चाधिकारियों द्वारा निर्देश जारी होते ही मैदानी अमले में असंतोष उभरने लगा है। उन्होंने इसे मैदानी क्षेत्रों में ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों के लिए अव्यवहारिक बताया है। इस संबंध में पटवारी संघ के अध्यक्ष विनोद यादव ने कहा कि कार्यालयीन कर्मचारियों के लिए बायोमेट्रिक अटेंडेंस किया जाना संभव है लेकिन मैदानी अमले के लिए इस पर अमल कर पाना मुश्किल है। उन्होंने इस संबंध में एसडीएम को ज्ञापन सौंप बायोमेट्रिक अटेंडेंस से पटवारियों को पृथक रखने की मांग की है।



# गांजा खपाने और रुपए लगाने वाले आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

कोतवाली पुलिस ने गांजा तस्करी के खिलाफ चलाए अभियान में कार्रवाई करते हुए दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गांजा खपाने के साथ ही गांजा खरीदने के लिए पैसे लगाने वाले आरोपी को पकड़ा है।

- सासाराम से पकड़े गए आरोपी

बता दें कि 28 अगस्त को ओड़िसा से गांजा लेकर जा रहा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर दलधोवा घाट में में पलट गया था। इस दौरान ट्रैक्टर के ट्राला में बनाए गए चेंबर से 125 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक सासाराम आदमापुर निवासी अनुज कुमार को गिरफ्तार कर पूछताछ की जिसके बाद एसपी वैभव बैंकर के निर्देश पर गिरोह के अन्य आरोपियों को पकड़ने अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी के निर्देश पर बलरामपुर कोतवाली थाना के उप निरीक्षक केपी सिंह के नेतृत्व में विशेष अनुसंधान टीम गठित कर फरार आरोपियों की पतातालाश हेतु सासाराम बिहार रवाना किया गया था। इस दौरान पुलिस ने रोहतास के अदमापुर मुफससील निवासी 21 वर्षीय ज्ञानचंद पासवान आ. यमुना पासवान के साथ ही मुख्य आरोपी सासाराम तिलकापुर निवासी 30 वर्षीय रंजन श्रीवास्तव आ. अजय श्रीवास्तव, सह आरोपी सासाराम तुर्की बाजार निवासी 36 वर्षीय धीरज कुमार सिंह आ. स्व. सरजू सिंह, मोहदीगंज निवासी 36 वर्षीय विनय पासवान आ. स्व. श्यामलाल पासवान को गिरफ्तार किया गया।

इसी कड़ी में पुलिस ने अब सासाराम के क्षेत्र में गांजा खपाने वाले आरोपी कपसिया निवासी 42 वर्षीय गजेन्द्र कुमार सिंह आ. भैरो सिंह एवं उड़ीसा से गांजा खरीदने के लिए मुख्य आरोपियों के साथ पैसा लगाकर परिवहन करने में सहयोग करने वाले आरोपी तिलकापुर निवासी 25 वर्षीय डब्लू कुमार प्रजापति आ. रामआश्रय प्रसाद को गिरफ्तार किया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी भापेंद्र साहू, उनि केपी सिंह, प्रधान आरक्षक शिपक शर्मा, शैलेंद्र तिवारी, आरक्षक सूरज मरावी, आरक्षक हरिशंकर यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# मोबिल पीने से गंभीर युवती की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मोबिल पीने से गंभीर हुई युवती की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। इधर परिजन ने युवती के साथ रह रहे युवक द्वारा पिला देने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार चलगली थाना अंतर्गत ग्राम मानपुर निवासी पूर्णिमा आ. रामदास (21 वर्ष) पिछले 4-5 साल से तकिया में रहकर काम करती थी। युवती के साथ एक युवक भी रहता था। 18 जनवरी को पूर्णिमा ने मोबिल पी लेने की बात भाई राम कुमार दास को बताई। भाई ने साधन नहीं होने पर बड़े भाई राजेन्द्र दास को बहन को घर लाने कहा। भाई ने उसे घर ले आया। इधर युवक की तबीयत ज्यादा बिगड़ जाने पर भाई ने उसे वाड्रफनगर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवती की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां आज तड़के 4.30 बजे युवती की उपचार के दौरान मौत हो गई। इधर मृतिका के मामी बॉबी दास ने आरोप लगाया है कि 8 जनवरी को घर जन्मदिन पर उसे बुलाया लेकिन वह तबीयत खराब होने की बात बताई। मामी का आरोप है कि युवती के साथ रह रहे युवक ने चाय में मोबिल मिला कर पिला दिया था। बहरहाल मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### दुकान में फोन पे कर रहा युवक गिरा, अस्पताल पहुंचने से पहले हुई मौत

किराना दुकान में सामान लेने के बाद फोन पे कर रहा युवक अचानक गिर गया। युवक को शहर के निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। युवक अदानी परसा में सुपरवाइजर के पद पर पदस्थ था। जानकारी के अनुसार सूरजपुर थाना अंतर्गत ग्राम सपकरा ददरी निवासी दारा सिंह आ. खाईसा राम (28 वर्ष) परसा स्थित अदानी कंपनी में सुपरवाइजर का काम करता था। आज सुबह लगभग 6.30 बजे अपने साथी के साथ परसा स्थित किराना दुकान में सामान लेने गया था। सामान लेने के पश्चात जैसे ही फोन पे से पैसा देने लगा तभी अचानक गिर गया। घटना को देख दोस्त सहित आसपास मौजूद लोगों ने युवक को अदानी के अस्पताल लेकर गए जहां से युवक को उदयपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। युवक को अचेत हालत में शहर के निजी अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

# साइबर ठगी के मामले में म्यूल अकाउंट धारक गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** म्यूल अकाउंट के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पश्चिम बंगाल से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने ठगी रकम को दूसरों के खातें में ट्रांसफर करने का काम किया था।

- ठगी की रकम निकालकर दी थी ठगों को

गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मेडिकल कॉलेज में पदस्थ कोरबा रामपुर निवासी 24 वर्षीय नीतीश टोप्पो आ. बेने टोप्पो ने डॉक्टर सेत नाम की कंपनी से सामान मंगवाया था। इसके बाद 13 जनवरी को एक अज्ञात व्यक्ति ने खुद को डॉक्टर सेत कंपनी का होना बताकर स्कीम के अंतर्गत लाभ देने का झांसा देकर अलग अलग किश्तों में कुल 1 लाख 77 हजार 903 रुपए की ठगी कर ली थी। इस घटना की शिकायत के बाद पुलिस द्वारा मामले में बीएनएस की धारा 318(4) के तहत अपराध दर्ज कर जांच की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस व साइबर सेल की टीम ने ठगी की रकम ट्रांसफर करने वाले खाता धारक पश्चिम बंगाल के बेलगढ़िया परगना निवासी 24 वर्षीय असीम राय आ. स्व. रामसिंगार राय से हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि आरोपी के स्टूडियो की देखभाल करने वाले एक व्यक्ति द्वारा आरोपी के खाते में ऑनलाइन राशि डिपॉजिट की गई थी जिसे एटीएम से निकालकर उसने युवक को दिया था और कुछ पैसों को दूसरे खाते में ट्रांसफर किया था। आरोपी ने ठगी की रकम में से 25 हजार रुपए अपने पास रख लिया था। पुलिस ने आरोपी से 25 हजार रुपए नगद, 1 नग मोबाइल फोन जब्त करने के साथ ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर प्रवीण कुमारी द्विवेदी, आरक्षक अरविन्द उपाध्याय, ऋषभ सिंह, विकास सिंह सक्रिय रहे।



# अनियमितता पर तकनीकी सहायक एवं रोजगार सहायक की सेवा समाप्त

**अंबिकापुर।** महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत निर्माण कार्यो में लापरवाही के संबंध में दोषी पाये जाने पर कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक अजीत वसंत द्वारा लुण्ड्रा के तकनीकी सहायक दिवाकर प्रधान की सेवा समाप्त कर दी है इसके साथ ही ग्राम रोजगार सहायक को भी पद से पृथक कर दिया गया। जनपद पंचायत लुण्ड्रा ग्राम पंचायत किरकिमा में प्राप्त शिकायत पर आवश्यक कार्रवाई की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार लुण्ड्रा मे पदस्थ तकनीकी सहायक दिवाकर प्रधान एवं ग्राम रोजगार सहायक संतोष यादव द्वारा जानबूझकर अनियमितता की गई। जिसमें बनिया टोंगरी अमृत सरोवर एवं बरडांड तालाब गहरीकरण में मूल्यांकन के अनुसार कार्यस्थल पर कार्य नहीं होना पाया गया। अमृत सरोवर जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में स्थल चयन में अनियमितता बरती गई तथा 3 वर्ष के भीतर एक तालाब को 2 बार स्वीकृत कराया गया। उक्त कार्य दिवाकर प्रधान द्वारा मनरेगा के प्रावधानों को दर किनार कर गुणवत्ताहीन तरीके से करा दिये गए। जांच दल द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर तकनीकी सहायक पर राशि 3.51 लाख तथा रोजगार सहायक के ऊपर राशि 9.31 लाख में राशि अधिरोपित की गई। इस हेतु दोनों को अंतिम चेतावनी पत्र जारी कर आरोपित राशि जमा करने हेतु निर्देशित किया गया था किन्तु कोई राशि जमा नहीं की गयी। प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लुण्ड्रा को निर्देशित किया गया है। शिकायत के संबंध में कलेक्टर श्री वसंत ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि शासकीय योजनाओं के निर्माण कार्यों में अनियमितता को अनदेखा न किया जाए। जिपं सीईओ विनय कुमार अग्रवाल ने बताया कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर प्रशासन सजग है। जिसमें विगत छः माह के दौरान लुण्ड्रा के एक और तकनीकी सहायक अजीत कुमार सिंह अम्बिकापुर के ग्राम पंचायत ससकालो के रोजगार सहायक अशीष कुमार,ग्राम पंचायत रनपुरकला की रोजगार सहायक श्रीमती पनमेश्वरी राजवाड़े, जनपद पंचायत उदयपुर ग्राम पंचायत भकुरमा की श्रीमती जोहानी एक्का एवं झिरमिटी के रोजगार सहायक विनय बजरंगी को भी पद से पृथक किया गया है।

## जिला कांग्रेस कमेटी ने की घटना की निंदा, केंद्र व राज्य सरकार पर साधा निशाना

# शंकराचार्य के साथ हुई घटना सनातन परम्परा पर काला धब्बा : पाठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मौनी अमावस्या पर माघ मेले में शाही स्नान के लिए जाते हुए ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद एवं उनके दल के संतों के साथ उत्तरप्रदेश पुलिस प्रशासन द्वारा किये गए अभद्रता को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा के द्वारा प्रेसवार्ता आयोजित की गई। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि शंकराचार्य जी के साथ जो घटना हुई वो न तो औरंगजेब के समय हुई न अंग्रेजों के समय।

2014 के चुनाव के पहले भाजपा का वादा था कि गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिया जायेगा और गौ वध बंद किया जायेगा। शंकराचार्य का आरोप है कि सत्ता प्राप्त करने के बाद भाजपा अपने इस बात से पलट गई। गौ रक्षा के मामले में पलटने के कारण शंकराचार्य भाजपा सरकार से विरोध दर्ज करा रहे हैं। इसी बात से भाजपा उनसे चिढ़ी हुई है और उनके साथ सनातन धर्म के विरुद्ध आचरण कर रही है। इस दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई से ध्यान हटाने के लिए भाजपा उनकी पदवी पर विवाद खड़ा कर रही है, जबकि इस बात के पर्याप्त प्रमाण हैं कि गुरु शिष्य परंपरा के तहत उन्हें पदवी प्रदान की गई। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री द्वितेंद्र मिश्रा ने कहा कि उत्तरप्रदेश की भाजपा सरकार के द्वारा शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती स्वामी के साथ की गई घटना सनातन परंपरा पर भाजपा की ओर से लगाया गया काला धब्बा है। यह स्पष्ट हो गया है कि भाजपा धर्म, और संतो का उपयोग अपने राजनैतिक उद्देश्य के लिए करती है। भाजपा के लिए संत वही है जो उनकी राजनीतिक उद्देश्य को पूरा करने के लिए कार्य करते हैं। सनातन परंपरा से आये हुए संत अगर सनातन परंपरा को कायम करने की मांग करते हैं तो भाजपा उन्हें राजनैतिक चुनौती मानती है और सनातन धर्म के करोड़ों धर्मावलंबियों के आराध्य शंकराचार्य के साथ दुर्व्यवहार करती है। जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष मो. इस्लाम ने कहा कि यह स्पष्ट हो गया कि भाजपा सभी धर्मों की विरोधी है। उंसे सिर्फ सत्ता से प्यार है। इसी लिए गौ रक्षा की मांग करने वाले शंकराचार्य स्वामी जी से दुर्व्यवहार किया जा रहा है, दूसरी ओर बीफ कंपनियों से सैकड़ों करोड़ का चंदा लिया जा रहा है। ब्लॉक कांग्रेस अम्बिकापुर के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह धंजल ने कहा कि घटना आंख खोलने वाली है। शंकराचार्य स्वामी जी के साथ भाजपा सरकार के द्वारा किया जा रहा बर्ताव हिंदू धर्म के मामले में भाजपा का चोला उतारने वाला है। इस दौरान पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, रामविनय सिंह, अनूप मेहता, गुरूप्रीत सिंह सिद्धू, नरेंद्र विश्वकर्मा, जमील खान, चंद्रप्रकाश सिंह, रजनीश सिंह, सोहन जायसवाल, अमित सिन्हा, अमित सिंह, अविनाश कुमार विकास शर्मा मौजूद रहे।



# 150 बोरी अवैध धान लोड ट्रैक्टर को किया गया जब्त

**अम्बिकापुर।** प्रशासन द्वारा धान तस्करों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई करने के बावजूद पड़ोसी राज्यों से धान की तस्करी रूकने का नाम नहीं ले रही है। तस्कर समितियों में खपाने के उद्देश्य से रात के अंधेरे में जंगल एवं नदी के रास्ते लगातार यूपी एवं झारखण्ड का धान छत्तीसगढ़ ला रहे हैं। बीती रात प्रशासन की संयुक्त टीम ने गश्ती के दौरान झारखण्ड की ओर से संदिग्ध ट्रैक्टर आते देख पचावल मोड़ पर उसे रोका। खाद्य व मंडी के अधिकारियों ने ट्रैक्टर ट्राली की जांच उसमें भारी मात्रा में धान मिला। गणना करने पर ट्रैक्टर ट्राली में 150 बोरी धान लोड मिला। चालक के पास धान से संबंधित कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं होने पर धान लोड ट्रैक्टर को मंडी अधिनियम के तहत जब्त कर सनावल पुलिस के सुपुर्द किया गया है।



## खबर संक्षेप

### 9 करोड़ की लागत से होगा पुल निर्माण

**मनेन्द्रगढ़।** पाराडोल से तेंदुडांड मार्ग पर हसदेव नदी पर पुल निर्माण की बहुप्रतीक्षित योजना को शासन से प्रशासकीय स्वीकृति मिल गई है। इस पुल का निर्माण 9 करोड़ 11 लाख रूपए की लागत से किया जाएगा। पुल के निर्माण से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी और आम जनता को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। इस पुल के बन जाने से आसपास के कई गांवों की दूरी जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ से काफी कम हो जाएगी। वर्तमान में लोगों को रायपुर मुख्य मार्ग तक पहुंचने के लिए लंबा चक्कर लगाना पड़ता है, लेकिन पुल के निर्माण के बाद लगभग 9 किमी की दूरी कम हो जाएगी, इससे न केवल समय की बचत होगी, बल्कि ईंधन और परिवहन खर्च में भी उल्लेखनीय कमी आएगी। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री अरूण साव के प्रति मनेन्द्रगढ़ की समस्त जनता की ओर से आभार व्यक्त किया है।

### मनरेगा कार्यों को दो माह में पूर्ण करने के निर्देश

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) अंतर्गत स्वीकृत सभी प्रगतिरत कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश जारी किए गए हैं। कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने जिले में कार्यरत सभी निर्माण एजेंसियों को आगामी दो माह के भीतर समस्त प्रगतिरत कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के आदेश दिए हैं। जिले की दोनों जनपद पंचायतों में वर्तमान में कुल 1061 मनरेगा कार्य प्रगतिरत हैं, जिनमें प्रतिदिन औसतन 12 हजार पंजीकृत श्रमिक कार्य कर रहे हैं। शासन के निर्देशानुसार पौधरोपण एवं नर्सरी जैसे बहुवर्षीय कार्य, जिनकी संधारण अवधि पूर्ण नहीं हुई है, उन्हें इस समय-सीमा से पृथक रखा गया है। शेष सभी कार्यों के लिए पूर्णता प्रमाण पत्र ऑनलाइन अपलोड करना अनिवार्य किया गया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि सभी विभागों को कार्ययोजना बनाकर समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही सभी व्यक्तिमूलक मनरेगा कार्यों को 15 मार्च 2026 तक पूर्ण करना अनिवार्य किया गया है।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन 25 को

**बैकुण्ठपुर।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस संपूर्ण भारत में मनाया जाता है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कोरिया जिले भी में 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कोरिया द्वारा परिपत्र जारी कर सूचना दी गई है। जारी परिपत्र के अनुसार 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कलेक्टरेट सभाकक्ष, बैकुंठपुर में सभी शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रातः 11 बजे उपस्थित होने का निर्देश दिए गए हैं।

### बंजारीडांड गढ़तर में आयुष स्वास्थ्य शिविर

**बैकुण्ठपुर।** जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. एलवीना ग्रेस टोप्पो के निर्देश निर्देशानुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बंजारीडांड में 17 जनवरी को गढ़तर में निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आयुर्वेद चिकित्सक डॉ.ममता सिंह सेंगर, फार्मासिस्ट प्रशांत कुमार, वार्ड बॉय रमेश कुमार द्वारा स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई। शिविर के दौरान ग्रामीणों की सामान्य स्वास्थ्य जांच रक्तचाप (बीपी) की जांच की गई तथा मौसमी व सामान्य रोगों के लिए निःशुल्क आयुर्वेदिक औषधियों का वितरण किया गया साथ ही संतुलित आहार दिनचर्या ऋतुचार्य एवं स्वास्थ्य जीवनशैली अपने संबंधी परामर्श भी दिया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में कुल 45 लाभार्थियों ने आयुष सेवाओं का लाभ प्राप्त किया।

### एसडीएम ने दुकान संचालक को जारी किया नोटिस, मांगा जबाव

# पीडीएस दुकान में धांधली, कार्रवाई की मांग को लेकर हितग्राही पहुंचे कलेक्टर दफ्तर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला मुख्यालय के समीप स्थित ग्राम जामपारा के दर्जनों हितग्राहियों ने ग्राम स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान के राशन वितरण प्रणाली में धांधली एवं संचालक पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत कर उचित कार्रवाई करने की मांग की।

ग्रामीणों ने हस्ताक्षरयुक्त शिकायत जनदर्शन में प्रस्तुत कर बताया कि जामपारा में शंकर महिला स्वयं सहायता समूह को उचित मूल्य दुकान संचालन करने की जिम्मेदारी दी गई है, जिसका संचालन दीपक द्वारा किया जाता है, उनके द्वारा कई तरह की अनियमिता की जाती है। शिकायत में बताया कि उचित मूल्य दुकान जामपारा के संचालक द्वारा बायोमेट्रिक लगवाकर राशन नहीं दिया जाता, कई हितग्रहियों को पिछले 4 माह से राशन नहीं मिला है। राशन मांगने पर स्टॉक नहीं होने की बात कर अगले माह आने को कहा जाता है। वहीं दुकान खुलने का कोई निश्चित समय नहीं है। अक्सर दुकान दोपहर 3 बजे खोली जाती है और राशन वितरण रात के 8 से 9 बजे तक चलता है, इसके चलते महिला हितग्राहियों को दिन में काम छोड़कर दिनभर दुकान में भूखे प्यासे बैठना पड़ता है, इससे मानसिक परेशानी होती है। ग्रामीणों ने मांग की है कि उक्त संचालक समूह को हटाकर दुकान का प्रभार किसी अन्य समूह को सौंपने की मांग की।

### शिकायत पर संचालक को नोटिस जारी

शहर से लगे ग्राम जामपारा स्थित उचित मूल्य दुकान में राशन वितरण में लापरवाही के मामले में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैकुंठपुर द्वारा उचित मूल्य दुकान संचालक को नोटिस जारी कर दो दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के आदेश जारी किए हैं। जारी नोटिस का संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं होने पर एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी। जारी नोटिस के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैकुंठपुर उमेश पटेल ने उल्लेख किया है कि शिकायत है कि उचित मूल्य दुकान जामपारा द्वारा हितग्राहियों का बायोमेट्रिक लगाकर राशन न दिया जाना, हितग्राही राशन मांगते हैं तो स्टाक में नहीं होना कहा जाता है और अगले महीने के लिए टाल दी जाती है। दुकान खोलने का कोई सही समय नहीं है, इससे महिलाओं एवं ग्रामीणों को दिनभर भूखे प्यासे बैठना पड़ता है यह कृत्य छग सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण 2016 की कंडिका 5 24, 27,11 2, 3,4,5, 8 का उल्लंघन है जो कि आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3 7 के अधीन दण्डनीय अपराध है। उचित मूल्य संचालक को दो दिवस में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत करने के आदेश दिए गए हैं, जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने पर एक पक्षीय कार्रवाई की जाएगी। छगा सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण 2016 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम का उल्लंघन किए जाने से निलंबन की कार्रवाई करने के लिए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।




# मातृ मृत्यु और शिशु स्वास्थ्य सुधार पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और यूनिसेफ के तकनीकी सहयोग से जिला पंचायत के ऑडिटोरियम में त्रि-दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मातृ मृत्यु अनुपात (एमएमआर) कम करना और एलबीडब्ल्यू (कम वजन वाले शिशु) शिशुओं के स्वास्थ्य में सुधार लाना है।

- जिपं के ऑडिटोरियम में त्रि-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, यूनिसेफ राज्य सलाहकार डॉ. अक्षय तिवारी एवं डॉ. प्रीतम राय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह, सिविल सर्जन डॉ. आयुष जायसवाल, महिला बाल विकास विभाग, नीति आयोग और प्रशिक्षण शाखा के अधिकारी तथा अन्य प्रतिभागी उपस्थित थे। प्रशिक्षण में ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की मृत्यु के कारणों और उनके समाधान पर चर्चा की गई। इसमें बताया गया कि मातृ स्वास्थ्य सुधारने के लिए समाज, परिवार और समुदाय को मिलकर काम करना होगा। प्रशिक्षण में गांवों में समितियों का गठन, पोषण पर ध्यान, एंटीनेटल केयर की गुणवत्ता बढ़ाना और समय पर स्वास्थ्य निगरानी पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में महिला पोषण, विटामिन्स, फोलिक एसिड, प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट की आवश्यकता और एलबीडब्ल्यू शिशुओं के जोखिम कम करने के उपाय पर ध्यान केन्द्रित किया गया। उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान और नियमित परामर्श के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सुधारने के लिए सामूहिक प्रयास और जागरूकता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कुपोषण को हर स्तर पर दूर करने की लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने महिलाओं की सेहत और एनीमिया रोकने के लिए सुपोषण और पोषणयुक्त आहार पर विशेष जोर दिया, ताकि जन्म लेने वाले शिशु स्वस्थ और सही वजन के साथ जन्म लें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह ने कहा कि यह त्रि-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला मातृ व शिशु मृत्यु दर को कम करने में अत्यंत मददगार साबित होगी। उन्होंने कम वजन वाले जन्म दर को कम करने में स्वास्थ्यकर्मी और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया।

## धान खरीदी घोटाले के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़



जनकपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा धान खरीदी केन्द्र जनकपुर में सामने आई गंभीर अनियमितताओं के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया गया। सांसद प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अंकुर प्रताप सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस पार्टी ने धान खरीदी केन्द्र की समिति प्रबंधक पर चूहा मार दवा देकर लगभग 7 करोड़ रूपए मूल्य की धान चोरी जैसी गंभीर घटना को अंजाम देने का आरोप लगाते हुए कड़ा आक्रोश व्यक्त किया।

- 7 करोड़ की धान चोरी का आरोप

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि धान खरीदी केन्द्र में इस प्रकार की लापरवाही या साजिश न केवल किसानों के साथ धोखा है, बल्कि शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े करती है। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि चूहा मार दवा डालकर धान को खराब दिखाना और फिर उसकी हेराफेरी करना एक सोची-समझी साजिश प्रतीत होती है, जिसकी निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई, धान घोटाले की पूरी राशि की वसूली तथा किसानों को हुए नुकसान की भरपाई की मांग की। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि इस मामले में शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो कांग्रेस पार्टी आंदोलन को और तेज करेगी। विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से अवधेश सिंह, संजीव गुप्ता, मनोज राय, रीनू, शिवम, वकील सहित काफी संख्या में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने कहा कि कांग्रेस किसानों के हक की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक लड़ेगी और किसी भी कीमत पर किसानों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### राज्य स्तरीय रोजगार मेला का साक्षात्कार 29 को

**बैकुण्ठपुर।** जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी दी है कि कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के द्वारा 29, 30 एवं 31 जनवरी को स्थान शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय सेजबहार रायपुर में राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें निजी क्षेत्र के तकनीकी एवं गैर तकनीकी की लगभग 15000 पदों में चयन के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा। राज्य स्तरीय रोजगार मेला में कोरिया जिले के आवेदकों का साक्षात्कार 29 जनवरी को किया जाएगा। उक्त मेला में सहभागिता के लिए ऑनलाईन पोर्टल में रोजगार पंजीयन एवं रोजगार मेला में पंजीयन दोनों आवश्यक है। अतः ऐसे आवेदक जिन्होंने ऑनलईल पोर्टल में रोजगार पंजीयन नहीं करवाया है वे पोर्टल में अपना पंजीयन कर मेला में सम्मिलित होने के लिए पंजीयन कर सकते हैं। 29 जनवरी को अपने समस्त शैक्षणिक योग्यता, पासपोर्ट साईज फोटो, पहचान पत्र इत्यादि दस्तावेजों के साथ निर्धारित स्थल पर उपस्थित होकर मेला में भाग ले सकते हैं।

## मतदाता सूची से नाम विलोपन के नियम विरूद्ध आवेदनों पर कांग्रेस का विरोध, जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

नगर पालिका मनेन्द्रगढ़ के वार्ड क्रमांक 4, 5 एवं 6 सहित अन्य वार्डों में मतदाता सूची से नाम विलोपन के लिए नियम विरूद्ध एवं संदेहास्पद आवेदनों का मामला सामने आया है। इस गंभीर विषय को लेकर कांग्रेस, प्रतिनिधिमंडल द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मनेन्द्रगढ़ को ज्ञापन सौंपकर तत्काल जांच एवं उचित कार्रवाई की मांग की गई।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि केवल चार व्यक्तियों द्वारा सैकड़ों मतदाताओं के नाम कटवाने के लिए आवेदन दिया जाना निर्वाचन नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। यह सीधे तौर पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया एवं मताधिकार पर हमला है, जिसे कांग्रेस किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं करेगी। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रभा पटेल ने कहा कि यदि समय रहते इस मामले की निष्पक्ष जांच नहीं की गई तो आम नागरिकों का लोकतंत्र से विश्वास कमजोर होगा। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार केसरवानी एवं पूर्व उपाध्यक्ष कृष्ण मुरारी तिवारी ने कहा कि प्रशासन को नियम विरूद्ध आवेदनों को तत्काल निरस्त कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राजेश शर्मा ने कहा कि मतदाता सूची से छेड़छाड़ किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ब्लॉक अध्यक्ष मनेन्द्रगढ़ शहर सौरव मिश्रा ने कहा कि निर्वाचन नियमों के अनुसार एक व्यक्ति सीमित संख्या में ही आपत्ति दर्ज कर सकता है, इसके विपरीत सामूहिक विलोपन का प्रयास लोकतंत्र को प्रभावित करने का षड़यंत्र है। ब्लॉक अध्यक्ष मनेन्द्रगढ़ ग्रामीण रामनरेश पटेल ने कहा कि शहरी एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए कांग्रेस पूरी मजबूती से खड़ी है।



## दोहरा गांव में स्वास्थ्य शिविर 75 ग्रामीणों की जांच



**डोमनहिल।** चिरमिरी क्षेत्र के नॉर्थ चिरमिरी कॉलरी के फाइनल माइन क्लोजर प्लान के तहत ग्राम दोहरा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन उप-क्षेत्र प्रबंधक अरूण चौहान के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार बिराजी के नेतृत्व में किया गया। स्वास्थ्य शिविर में जरूरतमंद ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा उन्हें निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। साथ ही मौसमी बीमारियों से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। महिलाओं को मासिक धर्म एवं स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। बच्चों की भी स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवाएं दी गईं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बिराजी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस स्वास्थ्य शिविर में कुल 75 लाभार्थियों ने भाग लिया और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

## मनेन्द्रगढ़ में बनेगा मेडिकल कॉलेज

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़




चिकित्सा शिक्षा विभाग, मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर द्वारा 16 जनवरी को जारी आदेश से यह स्पष्ट हो गया है कि अब मनेन्द्रगढ़ को स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश के प्रमुख केन्द्र के रूप में विकसित करने की दिशा में ठोस पहल शुरू हो चुकी है।

जारी आदेश के अनुसार भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद (एनएमसी) के मानकों को पूर्ण करने के उद्देश्य से मनेन्द्रगढ़ मेडिकल कॉलेज के संचालन के लिए संबंधित चिकित्सालयों एवं स्वास्थ्य संस्थानों का प्रशासनिक नियंत्रण संचालनालय चिकित्सा शिक्षा को सौंपे जाने की स्वीकृति दी गई है। यह व्यवस्था तब तक लागू रहेगी, जब तक मेडिकल कॉलेज के लिए स्वीकृत सेटअप अंतर्गत भवन, उपकरण, पदों की स्वीकृति एवं चिकित्सकों तथा कर्मचारियों की नियुक्ति की प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो जाती। यह निर्णय शासन की दूरदर्शिता और गंभीर मंशा को दशार्ता है। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ के लिए 220 बिस्तरीय सिविल अस्पताल, जिले के अंतर्गत 1 शहरी एवं 1 ग्रामीण स्वास्थ्य केन्द्र को वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में संबद्ध किया गया है, इससे मेडिकल कॉलेज से जुड़ी शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ आम नागरिकों को बेहतर और उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। यह आदेश छग के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार चिकित्सा शिक्षा विभाग के अपर सचिव सोनचंद साहू द्वारा डिजिटल हस्ताक्षर के साथ जारी किया गया है।

### नियमों की खुलेआम अनदेखी

## सब्जी मंडी बदहाली का शिकार



हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

नगर पालिका परिषद द्वारा आमजन को व्यापार-व्यवसाय के उद्देश्य से निर्मित कर आवंटित की गई दुकानों का उपयोग अब मनमर्जी और नियम विहीन तरीके से किया जा रहा है। स्थिति यह है कि नगर पालिका के ही किरायेदार नियमों को ताक पर रखकर न केवल दुकानों का गलत उपयोग कर रहे हैं, बल्कि कई मामलों में दुकानों को अवैध रूप से आगे किराए पर भी चढ़ा दिया गया है, जो स्पष्ट रूप से पालिका नियमों का उल्लंघन है।

जानकारी के अनुसार जिन दुकानों को छोटे व्यापारियों और सब्जी विक्रेताओं को रोजगार के उद्देश्य से आवंटित किया गया था, उनमें से कई दुकानों को अब गोदाम बना दिया गया है, इससे न सिर्फ बाजार की मूल अवधारणा समाप्त हो रही है, बल्कि आम नागरिकों को भी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। कुछ दुकानदारों द्वारा नालियों पर अतिक्रमण कर लिया गया है, जिससे जल निकासी बाधित हो रही है और गंदगी बढ़ती जा रही है। सबसे चिंताजनक स्थिति नगर की सब्जी मंडी की है। मनेन्द्रगढ़ संभवतः देश की उन गिनी-चुनी, बल्कि कहा जाए तो पहली ऐसी सब्जी मंडी बनती जा रही है, जहां सब्जियों के साथ-साथ मुर्गा, मछली और मांस की खुलेआम बिक्री हो रही है। इससे पूरे क्षेत्र में दुर्गन्ध फैली रहती है। मांस-मछली की बदबू के कारण खासकर महिलाएं और बुजुर्ग इस मंडी में आना पसंद नहीं कर रहे हैं, जिससे सब्जी विक्रेताओं का व्यवसाय भी प्रभावित हो रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सब्जी मंडी का उद्देश्य स्वच्छ वातावरण में ताजा सब्जियों की बिक्री था, लेकिन वर्तमान में यह स्थान अव्यवस्था, गंदगी और अतिक्रमण का केन्द्र बन चुका है। नालियों में जमा कचरा, दुकानों के सामने फैला सामान और मांस-मछली का अपशिष्ट स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहा है। बावजूद इसके नगर पालिका द्वारा न तो नियमित निरीक्षण किया जा रहा है और न ही नियमों का सख्ती से पालन कराया जा रहा है। प्रश्न यह भी उठता है कि जिन दुकानों को आगे किराए पर चढ़ाया गया है, उनकी जानकारी नगर पालिका को होने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई क्यों नहीं हुई। क्या यह सब पालिका की अनदेखी का परिणाम है या फिर मिलीभगत का संकेत। नगरवासियों ने मांग की है कि नगर पालिका तत्काल सभी दुकानों का भौतिक सत्यापन कराए, अवैध सब-लेटिंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई करे, नालियों से अतिक्रमण हटवाए और सब्जी मंडी को मांस-मछली बिक्री से मुक्त कर स्वच्छ और व्यवस्थित बाजार के रूप में विकसित करे। यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो यह अव्यवस्था आने वाले दिनों में और विकराल रूप ले सकती है।

### अभ्यर्थियों को तय निर्देशों का करना होगा पालन

# 1 फरवरी को दो पालियों में होगी शिक्षक पात्रता परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छग व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) द्वारा 1 फरवरी को छग शिक्षक पात्रता परीक्षा-26 का आयोजन राज्य के 20 जिलों में दो पालियों में किया जाएगा। प्रथम पाली में प्राथमिक कक्षाओं में अध्यापन के लिए तथा द्वितीय पाली में माध्यमिक कक्षाओं में अध्यापन के लिए परीक्षा आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 9.30 से 12.15 बजे तक आयोजित होगी, जिसमें परीक्षा केन्द्र में प्रवेश प्रातः 9 बजे के बाद वर्जित रहेगा।

वहीं द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 3 से 5.45 बजे तक होगी, जिसमें अभ्यर्थियों को दोपहर 2.30 बजे तक ही प्रवेश दिया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने व्यापम के दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षा की पारदर्शिता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी परीक्षा केन्द्रों में भारत इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड द्वारा जैमर लगाए जाएंगे। जैमर के संचालन के लिए प्रत्येक केन्द्र में बीईएल का एक कर्मचारी तैनात रहेगा। साथ ही जिला स्तर पर उप पुलिस अधीक्षक या उससे वरिष्ठ अधिकारी को पुलिस नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। परीक्षा केन्द्रों में सभी अभ्यर्थियों की हैंडहेल्ड मेटल डिटेक्टर एवं शारीरिक तलाशी (फ्रिस्किंग) की जाएगी। प्रत्येक केन्द्र में एक पुरूष एवं एक महिला पुलिस कर्मी की ड्यूटी रहेगी। महिला अभ्यर्थियों की तलाशी महिला पुलिस कर्मी द्वारा पृथक कक्ष में ही कराई जाएगी। दोनों पालियों में अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग अलग-अलग की जाएगी। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए हैं कि सभी परीक्षा केन्द्रों का भौतिक सत्यापन कर पर्याप्त फर्नीचर, प्रकाश, पेयजल, वॉशरूम, पार्किंग, दीवार घड़ी एवं इमरजेंसी लाइट की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। परीक्षा की निगरानी के लिए प्रत्येक 10 परीक्षा केन्द्रों पर तीन सदस्यीय उड़नदस्ता दल गठित किया जाएगा, जिसमें एक पुलिस कर्मी का शामिल होना अनिवार्य होगा। कोरिया जिले में प्रथम पाली के लिए 9 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिनमें 2 हजार 709 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं, जबकि द्वितीय पाली में 3 हजार 746 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। प्रशासन ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का अवलोकन कर लें, परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम दो घंटे पूर्व केन्द्र पहुंचें ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं फोटो युक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन किया जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। परीक्षार्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आना होगा। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग का कपड़े पहनना वर्जित होगा। केवल साधारण स्वेटर (बिना पॉकेट) की अनुमति होगी। सुरक्षा जांच के समय स्वेटर को उठारकर सुरक्षा कर्मी से जांच कराना होगा। स्वेटर के लिए हल्के रंग एवं आधे बांह का बंधन नहीं होगा। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करना होगा, उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरने उपरांत ही ऐसे पोशाक की अनुमति होगी। फुटवियर के रूप में चप्पल पहनकर आना होगा। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण व घडी, पर्स, पाऊच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है। परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी तथा अभ्यर्थिता समाप्त की जाएगी। परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र में केवल काले या नीले बॉल पांइट पेन लेकर ही आना होगा।

## खबर संक्षेप

### आरटीआई कॉलोनी के मां सरस्वती मंदिर में आज से अखंड हवन का शुभारम्भ

**बिश्रामपुर।** नगर के आरटीआई कालोनी स्थित श्री दिव्य ज्ञान दायिनी मां सरस्वती मंदिर में चौदहवां वार्षिकोत्सव समारोह भव्य रूप से आयोजित किया जा रहा है,इस धार्मिक अनुष्ठान को लेकर क्षेत्र में उत्साह और आध्यात्मिक वातावरण का निर्माण हो गया है,मंदिर समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रमों की शुरुआत 19 जनवरी सोमवार को वेदी पूजन,कलश स्थापना एवं सप्तशती पाठ के साथ कर दी गई है,इसके साथ ही नौ दिनों तक चलने वाले धार्मिक आयोजनों का शुभारंभ होगा,आज 22 जनवरी दिन गुरुवार को प्रातः10 बजे से अखण्ड हवन प्रारंभ किया जाएगा,जिसमें श्रद्धालु बड़ी संख्या में आहुति देंगे, 23 जनवरी शुक्रवार को प्रातः 7 बजे से मां सरस्वती का सहस्त्रार्चन पूजन किया जाएगा,इसी दिन अखण्ड हवन की पूर्णाहुति प्रातः10 बजे होगी, जिसके उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाएगा,24 जनवरी शनिवार को भक्तिभाव से ओत-प्रोत मां के 1008 नामों का संकीर्तन आयोजित होगा,वहीं 25 जनवरी रविवार को मां का दीप श्रृंगार किया जाएगा, जिसमें मंदिर को भव्य रूप से सजाया जाएगा, 26 जनवरी सोमवार को कन्या भोजन एवं महाप्रसाद वितरण का आयोजन होगा,कार्यक्रम का समापन 27 जनवरी मंगलवार को महिला मंडली द्वारा भजन-कीर्तन के साथ किया जाएगा। आयोजन के संरक्षक के रूप में महामंडलेश्वर त्रिवेणी दास महाराज का सान्निध्य प्राप्त होगा।

### बेहतर कार्य पर अमित प्रधान आरक्षक पद पर पदोन्नत



**बलरामपुर।** यातायात विभाग में बेहतर कार्य करने वाले आरक्षक अमित मिंज को पुलिस विभाग द्वारा प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई। इस दौरान एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी, रक्षित निरीक्षक विमलेश कुमार ने अमित मिंज के कंधे पर फीता लगाकर पदोन्नति प्रदान की। बता दें कि वर्ष 2005 से पुलिस विभाग में पदस्थ आरक्षक अमित मिंज यातायात विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे है। इस दौरान 500 से अधिक लोगों की मदद कर जान बचाई। अपने सराहनीय कार्यों के लिए अमित मिंज को सीएम, मंत्री, विधायकों के साथ ही एसपी द्वारा उन्हें सम्मानित किया जा चुका है लेकिन लम्बे समय के बाद भी उन्हें पदोन्नति नहीं मिल रही थी। ऐसे में विभागीय प्रक्रियाओं को पूर्ण करते हुए एसपी वैभव बैंकर ने आरक्षक अमित मिंज को पदोन्नति प्रदान की। एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी, रक्षित निरीक्षक विमलेश देवांगन ने उनके कंधे पर फीता लगाकर प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नत किया। इस दौरान अधिकारियों ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अब आपकी जिम्मेदारियां और बढ़ गई है।

## निधन

### सतीश बेहरा



**सीतापुर।** ग्राम पेटला निवासी व्यवसायी सतीश बेहरा उर्फ गोपी निधन हो गया। वे 53 वर्ष थे और लम्बे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव पेटला में किया गया जहां मौजूद लोगों ने इन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### मूर्तिकार प्रतिमाओं को दे रहे अंतिम रूप

# स्कूल-कॉलेजों में सरस्वती पूजा को लेकर तैयारियां जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

स्कूल कॉलेज में सरस्वती पूजा को लेकर तैयारियां जोरों पर है। शुक्रवार को बसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती की विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना की जाएगी। बसंत पंचमी को एक दिन शेष होने से शहर के मूर्तिकार भी मां सरस्वती की प्रतिमा को अंतिम रूप देने लगे है। मूर्तिकार की माने तो इस वर्ष भी पिछले साल की तरह मूर्ति की ब्रिकी होने की संभावना है। मूर्तिकारों को उम्मीद है बसंत पंचमी के दिन तक बनाए गए सभी मूर्ति बिक जाएगी।

**खास बात**
- 11 सौ से लेकर 6 हजार तक की बनाई गई मूर्तियां

विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा शुक्रवार को बसंत पंचमी के दिन मनाई जाएगी। बसंत पंचमी को लेकर मूर्तिकारों ने एक माह पूर्व से ही तैयारियां शुरू कर दी थी। मां सरस्वती की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने के साथ ही बिक्री के इंतजार में जबकि कई मूर्तिकार आज भी प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में लगे रहे। दुर्गा बाड़ी में मां सरस्वती की प्रतिमा बनाने वाले मूर्तिकार सचिन मण्डल ने बताया कि पिछले साल छोटे-बडे 110 मूर्ति बनाए थे जिसमें से अधिकांश मूर्ति की बिक्री हो गई थी और कुछ ही मूर्तियां बची थी। इस वर्ष उतनी 80 छोटे-बड़े मूर्ति बनाई है ताकि सभी मूर्ति की बिक्री हो जाए और कुछ मूर्तियां न बचे। मूर्तियों के बच जाने से नुकसान उठाना पड़ता है। पिछले वर्ष शेष बचे मूर्ति ज्यो की त्यों हालत में पड़ी हुई थी। इस वर्ष 11 सौ से लेकर 6 हजार कीमत तक की मूर्ति बनाई गई है। बसंत पंचमी को अभी एक दिन शेष है जिससे मूर्ति की बिक्री शुरू नहीं हुई है। गुरुवार से मूर्तियों की बिक्री शुरू हो जाएगी। मूर्तियों में सिंगार सहित कुछ काम बाकी है जिसे आज पूरी कर ली जाएगी। ऐसे में उम्मीद है कि बसंत पंचमी तक सभी मूर्तियों की बिक्री हो सकती है। अगर पूरी मूर्ति नहीं बिकी तो मूर्ति बनाने वाले कारीगर जो पिछले एक माह से काम किए उन्हें भुगतान करना मुश्किल हो सकता है।



मूर्ति को अंतिम रूप देते मूर्तिकार।

### कम संख्या में बनाई है मूर्ति

मूर्तिकारों ने बताया कि बसंत पंचमी में मां सरस्वती की प्रतिमा कम संख्या में बनाई है। गणेश व दुर्गा पूजा में शहर के अधिकांश मोहल्लों में प्रतिमा स्थापित की जाती है जिससे मूर्ति की मांग भी अधिक होती है। कई समितियां मूर्ति बनाने के आर्डर देते है। सरस्वती पूजा में मूर्ति न बचे इसके लिए कम संख्या में ही मूर्ति बनाई जाती है।

### आर्डर के अनुसार बना रहे मूर्तियां

गणेश पूजा व दुर्गा पूजा में जिस तरह से विभिन्न समिति द्वारा मूर्ति बनाने का आर्डर देते है उस तरह सरस्वती पूजा में आर्डर कम दिए जाते है। अभी जो मूर्तियां बनाई जा रही है उसमें अधिकांश आर्डर के अनुसार बना रहे है। कुछ समय और अधिकांश स्कूलों द्वारा आर्डर दिए है। इसके अलावा बिना ऑर्डर के छोटे मूर्तियां बनाई जा रही है। स्कूलों में बडी मूर्तियों की अपेक्षा छोटी मूर्ति की मांग होती है जिसे ध्यान में रख कर मूर्ति बना रहे है।



# बैंगलोर में कैद छात्रा को वापस लाने एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

बैंगलोर के बाल विकास विभाग में पिछले 6 महीने से कैद बिहारपुर निवासी 15 वर्षीय नाबालिग छात्रा को वापस लाने की मांग को लेकर एनएसयूआई सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा तथा नाबालिग को वापस लाने की मांग की है।

एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आकाश साहू ने कलेक्टर को सौंपें ज्ञापन में बताया कि चांदनी बिहारपुर क्षेत्र के ग्राम करौटी निवासी 15 वर्षीय छात्रा जो किराए के मकान में सहपाठियों के साथ हर कर निजी स्कूल में पढ़ाई कर रही थी। 30 जुलाई को छात्रा को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसला कर ले जाया गया जिसके बाद आज तक वापस नहीं लौटी। छात्रा को गए लगभग 6 माह से अधिक समय हो गए है। जांच करने के बाद अधिकारियों व थाने से जानकारी मिली कि छात्रा को बैंगलोर के यशवंतपुर से 25 किमी दूर बाल विकास गृह में रखा गया है। जबकि जो व्यक्ति छात्रा को लेकर गया था वह काफी दिन पहले वापस आ चुका है लेकिन छात्रा अभी तक वापस नहीं आई है। परिजन से पता चला कि महिला बाल विकास के अधिकारी एवं कुछ पुलिस बल और परिवार का एक सदस्य जब छात्रा को लेने बैंगलोर गए तो जिन पुलिस बलों का नाम आदेशित सूची में था वह न जाकर दूसरे पुलिस बल चले गए थे। जब बैंगलोर के बाल विकास विभाग के अधिकारी द्वारा सूची एवं पुलिस बलों का आई डी. मिलाया गया तो मैच न होने पर उन्होंने छात्रा को ले जाने से मना कर दिया। वर्तमान में छात्रा बैंगलोर में है जिस कारण से परिजन काफी लम्बे समय से परेशान है। कलेक्टर से मुलाकात कर छात्रा को जल्द से जल्द वापस लाने की मांग की है। इस दौरान पूर्व विधायक पारसनाथ राजवाड़े, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष भगवती राजवाड़े, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अश्विनी सिंह, शहर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज डालमिया, नपा अध्यक्ष कुसुमलता राजवाड़े, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जफर हैदर, विष्णु कसेरा,नीरज तायल, मधु साहू, सैयद नदीम, मुस्तफा खान, तनवीर, अफरोज अंसारी, शिवम साहू, लिवनेश सिंह, सुमंत, हैदर अली, आयुष, ललित सहित छात्रा के परिजन उपस्थित थे।



# जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष रामकिशुन सिंह का किया गया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

जिला केंद्रीय सहकारी समिति बैंक के अध्यक्ष रामकिशुन सिंह के एक दिवसीय प्रवास सामरी विधान सभा के बरियों, राजपुर, शंकरगढ़ सहित कुसमी विकासखंड अंतर्गत भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता सहित क्षेत्र के किसानों द्वारा भव्य रूप से स्वागत किया। साथ ही नव नियुक्त महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुषमा मिंज का भी स्वागत किया गया।

संभागीय अध्यक्ष रामकिशुन सिंह कार्यक्रम की शुरुआत में छत्तीसगढ़ महतारी के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई साथ ही विगत दिन हुए बस दुर्घटना में हुई मौत पर प्रति 2 मिनट का मौन धारण करते हुए श्रद्धांजलि दी तथा दुर्घटनाग्रस्त हुए व्यक्तियों को जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना की। कार्यक्रम को नगर पंचायत उपाध्यक्ष आनंद जायसवाल,जिला पंचायत अध्यक्ष हिरामुनी निकुंज सहित महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुषमा मिंज द्वारा संबोधित करते हुए कहा कि आज बहुत ही खुशी की बात है कि हम सभी के बीच इस कुसमी विकासखंड के निवासी संभागीय अध्यक्ष रामकिशुन सिंह का स्वागत करने का अवसर मिला। रामकिशुन सिंह ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में मुझे सरगुजा संभाग का जिला सहकारी केंद्रीय मर्यादित बैंक का संभाग का अध्यक्ष शासन द्वारा नियुक्त किया गया है। किसान को विश्वास दिलाया कि सभी के सभी प्रकार के समस्याओं का निराकरण करने में सहयोग करूंगा। वर्तमान समय में किसानों का टोकन नहीं मिलने एवं धान खरीदी नहीं होने की शिकायत मिली है इस विषय को लेकर मुख्यमंत्री से चर्चा की गई है उनके द्वारा कहा गया है कि आप सभी किसानों का धान की खरीदी किया जाएगा। धान खरीदी की समय अवधि भी बढ़ाई जाएगी। इस दौरान संजीता नगेसिया, बसंती भगत, आनंद जायसवाल, अशोक सोनी, केदार गुप्ता, संजय जायसवाल, रामसुंदर यादव, राकेश भारती, विनोद गुप्ता, अंकुश सिंह, प्रदीप गुप्ता, शशि टोप्पो, माधुरी लकड़ा, बालेश्वर नायक, कृष्ण मुरारी सोनी, राजेश्वर गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।

### विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते के प्रयासों से साकार हुआ वर्षों का सपना

# परसवार-चलगली सड़क को मिली 38.80 करोड़ की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर



प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए 19 जनवरी का दिन विकास के इतिहास में मील का पत्थर साबित हुआ है। छत्तीसगढ़ शासन लोक निर्माण विभाग मंत्रालय द्वारा बलरामपुर–रामानुजगंज जिले के अंतर्गत परसवार से चलगली उन्नयन मार्ग के निर्माण हेतु 38 करोड़ 80 लाख 48 हजार की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। 18 किलोमीटर लंबी इस सड़क का निर्माण पुल-पुलियों सहित किया जाएगा, जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों को सीधा और स्थायी लाभ मिलेगा।

इस बड़ी उपलब्धि का श्रेय प्रतापपुर विधानसभा की विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते को दिया जा रहा है। उनके निरंतर प्रयास, विधानसभा में मजबूती से रखी गई मांग और क्षेत्र की जमीनी समस्याओं के प्रति उनकी संवेदनशीलता के चलते यह सपना साकार हो सका। क्षेत्रवासियों का कहना है कि विधायक पोर्ते ने हमेशा विकास को प्राथमिकता दी है और यही कारण है कि प्रतापपुर विधानसभा में लगातार नई-नई विकास योजनाएं धरातल पर उतर रही हैं। परसवार–चलगली मार्ग लंबे समय से क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक रहा है। बरसात के मौसम में यह सड़क कीचड़ और गड्ढों में तब्दील हो जाती थी, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में देरी होती थी, छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित होती थी और किसानों को अपनी उपज बाजार तक ले जाने में परेशानी झेलनी पड़ती थी। अब इस सड़क के उन्नयन से सभी समस्याओं से राहत मिलने की उम्मीद है। विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते ने कहा कि परसवार से चलगली रोड का बनना विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिए बड़े सपने के पूरे होने जैसा है। इस सड़क के बन जाने के बाद क्षेत्र के लोगों की वर्षों पुरानी परेशानियां दूर होंगी। प्रतापपुर विधानसभा में विकास की गंगा निरंतर बह रही है और आगे भी बहती रहेगी। लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, इस कार्य को पूरी पारदर्शिता और नियमों के तहत किया जाएगा। तकनीकी स्वीकृति प्राप्त करने के बाद ही निविदा आमंत्रित की जाएगी। निविदा प्रक्रिया निष्पक्ष होगी और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण हो। साथ ही निर्माण में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि सड़क लंबे समय तक टिकाऊ रहे। इसके अलावा, शासन द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि कार्य के लिए कम से कम 90 प्रतिशत बाधा रहित भूमि उपलब्ध होने पर ही निविदा प्रक्रिया शुरू की जाए। यदि कहीं भू-अर्जन की आवश्यकता होगी तो वह भी स्वीकृत राशि की सीमा में ही किया जाएगा। कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी।

### शासकीय आईटीआई में प्लेसमेंट कैंप 5 फरवरी को

**रामचंद्रपुर।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में औद्योगिक इकाई पीजी आईएल द्वारा 5 फरवरी को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। संस्था प्रमुख ने बताया कि पीजीआईएल द्वारा प्लेसमेंट कैंप में असेम्बली ऑपरेटर, मशीन ऑपरेटर, हेल्पर सहित अन्य तकनीकी पदों पर युवाओं की भर्ती की जाएगी। भर्ती के लिए 10वीं, 12वीं, आईटीआई डिप्लोमा, स्किल निर्धारित की गई है। पीजी आईएल द्वारा 500 युवाओं का चयन किया जाएगा। योग्य युवा प्लेसमेंट कैंप के लिए ऑनलाइन एवं ऑफलाइन पंजीयन करा सकते हैं।

**Notice U/s 72 of The Indian Partnesrship Act, 1932**

Notice Is hereby given that pursuant to reconstitution the partnership firm Shri Ram Enterprises on 2.12.2025 Smt.Sonam Agrawal has joining the Partnership Firm and Mr. Abhishek Kumar Shrivastav has Retired from the part–nership firm from said date and the regis–tered office of firm shall be at Kote Mode Raigarh Raod, Tahsil Lundra, Distt–Surguja (C.G) 497001

SHRI RAM ENTERPRISES
Raigarh Road Lundra
kote mod Lamgaon
Surguja (C.G)497101

**Notice U/s 72 of The Indian Partnesrship Act, 1932**

Notice Is hereby given that pursuant to reconstitution the partnership firm Maa Shakumbhari OSteels And Crusher on 2.12.2025 Mr. Sanjay Kumar Agrawal has joining the Partnership Firm and Mr. Abhishek Kumar Shrivastav has Retired from the partner–ship firm from said date and the registered office of firm shall be at office Jawahar Market, Nawapara Chowl Ambikapur Surguja (C.G)497001 And Factory Address at Vill–Karra The–Lundra Surguja (C.G) 497101

MAA SHAKUMBHARI STEELS AND CRUSHER
Village–Karra, Tah–Lundra,
District–Surguja (C.G) 497101

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ. आशीष कुमार जायसवाल – एम.डी.जनरल फिजिशियन
डॉ. हेमन्त कुमार बी – MBBS, DCH, DNB – शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय – MBBS, DNB Ortho – हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. सोनल गार्डिया – MBBS, MS(General Surgeon) – जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. मनोज भारती – MBBS, MS – हाइड्रोसील,बवासीर,हार्निया,फिस्टुला स्तन की गांठ
डॉ. ओम प्रकाश पंडित – MBBS, DNB Ortho (Lilavati Hospital Mumbai) – हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह – जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. नताशा शर्मा – स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ.जी.के.वामले – MS, ENT
डॉ. भावना गार्डिया – स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. रोशन आरा – एम.डी. रेडियो डायग्नोसिस
डॉ. हिमांशु गुप्ता – MD ONCO – कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. अखिलेश कुमार भारत – जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. कमल नारायण गुप्ता – श्वास,छाती एवं टी.बी.रोग विशेषज्ञ
डॉ. संदीप गुप्ता – MBBS, DCH – शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. अभिजीत भट्टाचार्य – जनरल फिजिशियन
डॉ. समीर श्रीवास्तव – हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. रिषभ गुप्ता – किडनी रोग विशेषज्ञ
डॉ. राहूल शामकांत जाधव – एम.बी.बी.एस.,एम.डी.पैथोलॉजिस्ट
डॉ. चन्द्रांशु त्रिपाठी – मूत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. आयुशी गुप्ता – न्युरो (पेन फिजिशियन)
डॉ. मीना राव – आडियोलॉजिस्ट एवं स्पीच थैरेपिस्ट
डॉ. सुरभि – BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) – दंत एवं मुख विशेषज्ञ
डॉ. हेमलता साहू – फिजियोथैरेपी
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें 07774222555, 9425583780, 8826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

सरगुजा मार्केट

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ.दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :- 18 जनवरी 2026, रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 25 जनवरी 2026, दिन - रविवार
नोट - डॉक्टर माह के चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 01 फरवरी, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल – 10 बजे से 2 बजे तक
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर – 12 बजे से 1 बजे तक
गायत्री हॉस्पिटल – 3 बजे से 7 बजे तक

TOP IN SURGUJA

आपके शहर अम्बिकापुर में सुप्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ.प्रज्ञा ओझा
MBBS, DGO (OBS & GYN)
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALTY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
स्त्री रोग से संबंधित सभी समस्याएं व उपचार
- गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- प्रसूति (नार्मल वाम सिजेरियन) बांझपन का जाँच एवं ऑपरेशन
- बच्चेदानी निकालने का ऑपरेशन (चीरा रहित एवं दूरबीन पद्धति द्वारा)
- मोनोपॉज (रजोनिवृत्ति संबंधित बीमारियों का इलाज)
- मासिक संबंधित बीमारियों का इलाज
- स्तन की गांठ, कैंसर का ऑपरेशन
- बच्चेदानी के कैंसर का ईलाज

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समय:- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 03 जनवरी, 2026, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 24 जनवरी, 2026, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में कत्थक की प्रस्तुति देगी शहर की बेटी तनीषा

**अम्बिकापुर।** शहर की गौरव अब अपनी चमक देश की राजधानी में बिखेरेगी। गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित भव्य समारोह में शहर की बेटी तनीषा अग्रवाल का चयन हुआ है। वह अपने समूह के साथ कत्थक नृत्य की शानदार प्रस्तुति देंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं अन्य अतिथियों की मौजूदगी में यह प्रदर्शन होगा जो छत्तीसगढ़ व सरगुजा के लिए गौरव का पल होगा। दिल्ली के कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में यह प्रस्तुति प्रधानमंत्री के राष्ट्रीय ध्वज फहराने के पश्चात होगी। तनीषा के परिजन सहित शहर के लोगों में हर्ष व्याप्त है।



### समलेश्वर मंदिर प्रांगण में श्री हरि सत्संग प्रतियोगिता उत्सव का समापन



**बिश्रामपुर।** एकल अभियान संस्कार शिक्षा द्वारा आयोजित एकल श्री हरि सत्संग प्रतियोगिता उत्सव का आयोजन मां समलेश्वरी मंदिर प्रांगण संच जयनगर में किया गया, कार्यक्रम में क्षेत्र की कई कीर्तन मंडलियां उपस्थित रही। कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक संजय भारत एवं संरक्षक पूरन यादव रहे,कार्यक्रम की अध्यक्षता देवधन राम बिंझिया ने की,विशेष रूप से अंचल व्यास कृष्ण राम एवं संच व्यास श्रीमती शिवकुमारी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ, सत्संग प्रतियोगिता उत्सव में कीर्तन मंडली जयनगर, केनापारा मंडली सहित आसपास के क्षेत्रों की कीर्तन मंडलियों ने सहभागिता कर भक्ति-भाव से भरपूर प्रस्तुति दी,कार्यक्रम के दौरान धर्म,संस्कार एवं सामाजिक एकता पर प्रेरणादायक संदेश दिए गए,इस अवसर पर संच समिति सदस्य देवशरण सिंह, सह सचिव देवेंद्र सोनवानी, संच प्रमुख शांति सिंह, ग्राम जयनगर की सरपंच राधा बाई,कोषाध्यक्ष राजेंद्र गंवटिया,सह कोषाध्यक्ष मनियारो सहित मनबोध राजवाड़े,राम अवतार,इंद्रावती सिंह, लक्ष्मी राजवाड़े,तपेश्वरी राजवाड़े, किरण सिंह, वृंदावती सिंह, खुशबू राजवाड़े, सुरुचि सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन संच सचिव देवशरण सिंह व आभार प्रदर्शन संच प्रमुख शांति सिंह द्वारा किया गया।

### रविन्द्रनगर स्थित राशन दुकान से चावल की बोरियां चोरी

**बिश्रामपुर।** ग्राम रविंद्रनगर स्थित सामुदायिक भवन में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है,गौरतलब है कि शासकीय उचित मूल्य दुकान रविंद्रनगर का संचालन गणेशपुर निवासी अभिलाष किंडो द्वारा किया जाता है,21 जनवरी की दोपहर लगभग 2 बजे दुकान संचालक किसी हितग्राही व्यक्ति का केवाईसी कराने के लिए दुकान पहुंचा था,जैसे ही वह सामुदायिक भवन के पास पहुंचा,उसने देखा कि भवन का ताला और दरवाजा टूटा हुआ है,अनहोनी की आशंका से संचालक ने जब अंदर जाकर देखा तो पाया कि दुकान में रखे गए करीब 45 से 50 बोरी चावल मौके से गायब थे, कुछ चावल दरवाजे के बाहर तक बिखरे हुए मिले हैं, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि चोर रात के अंधेरे में भारी मात्रा में चावल ले उड़े हैं। घटना की जानकारी मिलते ही दुकान संचालक ने तत्काल ग्राम सरपंच, फूड इंस्पेक्टर सूरजपुर को सूचना दी है,इसके बाद जयनगर थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है,उचित मूल्य दुकान से इतनी बड़ी मात्रा में चावल चोरी होने से गरीब और जरूरतमंद राशन कार्डधारियों के सामने राशन संकट खड़ा हो गया है,फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ पतासाजी की जा रही है।

### चोरी हुए ट्रेक्टर को पुलिस ने कुड़ेली जिला कोरिया से किया बरामद



**सूरजपुर।** ग्राम चंपकनगर से चोरी की गई ट्रैक्टर को कोवताली पुलिस ने कोरिया जिले के कुड़ेली से बरामद किया है। 13 जनवरी को चोरों ने घर के सामने से पार कर दिया था। पुलिस के मुताबिक ग्राम चंपकनगर निवासी हिमांशु कुशवाहा ने 14 जनवरी को कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि ग्राम बंजा निवासी हरिशचंद कुशवाहा से ट्रेक्टर क्रमांक सीजी 29 एई 5694 को खरीदा था जो उसके नाम पर ट्रेक्टर का रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है। 13 जनवरी को अपने ट्रेक्टर से खेत का जोताई कर ट्रेक्टर को घर के सामने खड़ा किया था रात्रि करीब 1 बजे घर से बाहर निकला तो देखा कि ट्रैक्टर अपनी जगह से गायब थी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। इसी दौरान मुखबिर से जानकारी मिली कि चोरी का ट्रेक्टर कुड़ेली में देखा गया है। सूचना पर पुलिस टीम ने थाना पटना अन्तर्गत सतीपारा कुडेली में गड्डा-झाड़ी में छिपाकर रखे ट्रेक्टर को लावारिश हालत में बरामद किया। मामले में चोर की तलाश की जा रही है। कार्रवाई में निरीक्षक राजेन्द्र साहू, एसआई अश्वनी पाण्डेय, एएसआई सुमंत पाण्डेय, प्रधान आरक्षक शिवकुमार, आरक्षक कामेश्वर टोप्पो व दशरथ राम सक्रिय रहे।

## विद्युत विस्तार के लिए आजक विभाग ने सौंपी थी गांवों की सूची

# सरगुजा के 416 गांव में अभी भी बिजली नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- विद्युत विभाग करा रहा सर्वे एवं विस्तार में खर्च होंगे 8 करोड़ रूपए

सरगुजा में अभी भी 416 गांवों में विद्युत का विस्तार नहीं हो पाया है। शासन ने सभी गांवों को रोशन करने का लक्ष्य निर्धारित किया है साथ ही इसके लिए केंद्र एवं राज्य सरकार विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है। विद्युत वितरण कंपनी ने चालू वित्त वर्ष में विद्युत विहीन गांवों में विद्युत विस्तार करने का लक्ष्य निर्धारित किया है तथा इस दिशा में पहल भी प्रारंभ कर दी है।

बिजली आज जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गई है। घरों को रोशन करने के साथ उपकरणों को चलाने के लिए बिजली आवश्यक जरूरत बन गई है। खेती-बाड़ी हो या व्यवसाय और बच्चों की पढ़ाई बिजली के बिना कुछ भी आसान नहीं है। शासन द्वारा भी गांव-गांव तक विद्युत विस्तार करने के साथ ही गुणवत्तायुक्त विद्युत आपूर्ति करने विविध योजनाएं संचालित की जा रही है। इन योजनाओं के माध्यम से गांव-गांव तक विद्युत विस्तार करने में सफलता भी मिली है। पूर्व में जंगल एवं घाट-पहाड़ों के बीच बसे विशेष संरक्षित जनजाति पहाड़ी कोरवा एवं पंडो समाज की बसाहटों में बिजली पहुंचाना अत्यंत कठिन माना जा रहा था लेकिन प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत अब विशेष संरक्षित पहाड़ी कोरवा एवं पण्डो समुदाय की बस्तियां भी अब बिजली से रोशन हो गई हैं इसके बावजूद सरगुजा के दुर्गम स्थलों पर बसी 416 बसाहटों तक अब तक बिजली का विस्तार नहीं हो सका है। आदिम जाति कल्याण विभाग ने अपने सेर्वे के अनुसार ऐसी बसाहटों की सूची तैयार कर विद्युत विभाग को सौंपी है। सूची के आधार पर विद्युत विभाग ने इन बसाहटों का सर्वे कराया तो अन्य बसाहटें भी मिली जहां विद्युत विस्तार नहीं हो सका है। विद्युत विभाग द्वारा मार्च के अंत तक सभी बसाहटों में विद्युत विस्तार करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।



गांव में लगाया गया ट्रांसफार्मर।

### 20 गांव पहुंच विहीन

सर्वेक्षित गांवों में 20 गांव ऐसे हैं जहां आवागमन का साधन नहीं है। सामान्य मौसम में भी इन बसाहटों में पहुंचना मुश्किल है। बरसात के मौसम में ये गांव टापू बन जाते हैं। आवागमन की सुविधा नहीं होने के कारण इन गांवों में विद्युत पोल, तार एवं अन्य जरूरी संसाधनों को पहुंचाना मुश्किल है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत इन बसाहटों तक सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। जिन गांवों तक सड़क बन गई है उनका सर्वे प्रारंभ कर दिया गया है जबकि शेष गांवों के सर्वे एवं विद्युत विस्तार के लिए सड़क बनने का इंतजार किया जा रहा है।

### 103 गांवों में विद्युत विस्तार प्रारम्भ

विद्युत विभाग ठेकेदार के माध्यम से 103 बसाहटों में विद्युत विस्तार का कार्य प्रारंभ कर दिया है। इन बसाहटों में निवासरत 1100 लोगों ने विद्युत कनेक्शन लेने का आवेदन दिया है। इन बस्तियों में पहाड़ी कोरवा, पण्डो समाज के साथ ही दूसरे जनजाति के लोग निवासरत है तथा आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण अधिकांश लोग विद्युत सुविधा से वंचित हैं। ठेकेदार ने 1100 में से 550 घरों में बिजली पहुंचा भी दी है जबकि शेष बचे बसाहटों में विद्युत विस्तार के लिए शासन ने अलग से डीपीआर मांगा है। अधिकारी एक सप्ताह के भीतर शेष बचे 313 गांवों का सर्वे कराने के साथ ही विद्युत विस्तार का डीपीआर तैयार करने की बात कह रहे हैं।

### प्रति उपभोक्ता 1 लाख का खर्च

आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा सौंपी गई विरल जनजातीय बसाहटों की जनसंख्या बेहद कम होने के कारण विभाग को विद्युत विस्तार के लिए भारी भरकम राशि खर्च करनी पड़ेगी। विद्युत विस्तार में प्रति उपभोक्ता लगभग एक लाख खर्च आने का अनुमान लगाया जा रहा है। अच्छी बात है कि इन बसाहटों में विद्युत विस्तार का कार्य पूरा होने के बाद सरगुजा में कोई विद्युत विहीन बस्ती नहीं बचेगी।

### एक सप्ताह में पूरा होगा सर्वे

इन विद्युतकृत बसाहटों का सर्वे कराया जा रहा है। एक सप्ताह में सर्वे पूरा करा लिया जाएगा। 103 बसाहटों में विद्युत विस्तार का कार्य चल रहा है। शेष बसाहटों में मार्च तक विद्युत विस्तार करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

-रोशन नागवंशी
ईई, विद्युत संभाग ग्रामीण



## त्र्यंबकेश्वर महादेव मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा प्रारंभ, निकाली गई कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

नगर के सौम्य मेडिकल के सामने नवनिर्मित त्र्यंबकेश्वर महादेव मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आज विधिवत शुभारंभ हुआ। इस पावन अवसर पर नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें सभी वर्गों के श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। ढोल-नगाड़ों, जयघोष और भक्ति संगीत के बीच निकली कलश यात्रा ने पूरे नगर को शिवमय बना दिया।

तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन 21 से 23 जनवरी तक किया गया है। वाराणसी से पधारे डॉ. अजय हरि शुक्ल विधि-विधान से समस्त अनुष्ठान संपन्न करा रहे हैं। कार्यक्रम के प्रथम दिवस प्रातः 8 बजे से जलयात्रा, पंचांग पूजन, वेदियों की स्थापना एवं भगवान की मूर्तियों की कर्मकुटी संपन्न हुई। द्वितीय दिवस 22 जनवरी को जलाधिवास, अन्नाधिवास, घृताधिवास, शर्कराधिवास, फलाधिवास, मिष्टान्नाधिवास, औषध्याधिवास, वस्त्राधिवास, पुष्पाधिवास सहित 108 कलशों से महाभिषेक किया जाएगा। सायं 4 बजे से भूतियों को रथ पर विराजमान कर नगर भ्रमण कराया जाएगा। तृतीय दिवस 23 जनवरी बसंत पंचमी को प्रातः महान्यास, प्राण-प्रतिष्ठा, पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपरांत 28 जनवरी से 4 फरवरी तक प्रतापपुर के मिनी स्टेडियम ग्राउंड में भव्य श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा प्रवक्ता आचार्य सदानंद महाराज, श्रीधाम वृंदावन के मुखारविंद से प्रतिदिन दोपहर 2.30 बजे से सायं 6 बजे तक कथा का रसपान कराया जाएगा। 28 जनवरी को प्रातः 9 बजे हनुमान मंदिर, पक्की तालाब से शोभायात्रा एवं कलश यात्रा के साथ कथा का शुभारंभ होगा। इसके बाद विभिन्न तिथियों में शुकदेव पूजन, ध्रुव-प्रहलाद चरित्र, राम एवं कृष्ण जन्मोत्सव, गोवर्धन पूजा, रासलीला, रुक्मणी विवाह, सुदामा चरित्र एवं 4 फरवरी को हवन-पूर्णाहुति व भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। कलश यात्रा के दौरान आयोजन के मुख्य यजमान छोटेलाल जायसवाल एवं श्रीमती कौशल्या जायसवाल रहे। उनके साथ रम्भा जायसवाल, रुचि जायसवाल, ज्योति जायसवाल, अभिषेक जायसवाल, अशोक जायसवाल, राधेश्याम जायसवाल, अंबिका जायसवाल, राजेश जायसवाल, सूर्यदेव जायसवाल, प्रेमचंद जायसवाल, अंकुर जायसवाल, हरि गुप्ता, मुकेश तायल, संजीव श्रीवास्तव, लक्ष्मी गुप्ता, अविनाश जायसवाल, शिबू सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## बैंक से रुपए नहीं निकलने किसान परेशान, वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

रामानुजगंज में एक किसान का वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की कार्यप्रणाली को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। वीडियो में किसान अपने बीमार पिता के इलाज के लिए बैंक से पैसे नहीं निकाल पाने की पीड़ा को साझा करता नजर आ रहा है।

वायरल वीडियो में किसान का नाम उमेश यादव है। उमेश यादव ने वीडियो के माध्यम से बताया कि उनके पिता जोगी यादव गंभीर किडनी बीमारी से पीड़ित हैं और उनका इलाज चल रहा है। इलाज के लिए पैसों की आवश्यकता होने पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, रामानुजगंज शाखा से राशि निकालने का प्रयास किया, लेकिन चेक बुक नहीं मिलने के कारण उन्हें लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उमेश यादव का आरोप है कि अपने पिता जोगी यादव के नाम से चेकबुक के लिए आवेदन किया था, लेकिन बैंक द्वारा कई बार उनका आवेदन निरस्त कर दिया गया। इस कारण समय पर इलाज के लिए धनराशि नहीं मिल पाई, जिससे उनके पिता की तबीयत और स्थिति पर असर पड़ा। रामानुजगंज शाखा के ब्रांच मैनेजर लल्लू राम यादव ने बताया कि उमेश यादव द्वारा 30 दिसंबर को चेकबुक के लिए आवेदन किया गया था। जांच के दौरान यह सामने आया कि आवेदन पत्र पर किया गया हस्ताक्षर जोगी यादव के वास्तविक हस्ताक्षर से मेल नहीं खा रहा था। ब्रांच मैनेजर के अनुसार, जब जोगी यादव से स्वयं हस्ताक्षर कराकर उनका सत्यापन कराया गया, तो दोनों हस्ताक्षरों में स्पष्ट अंतर पाया गया। उन्होंने बताया कि जोगी यादव अपनी बीमारी और कमजोरी के कारण स्वयं हस्ताक्षर करने की स्थिति में नहीं थे, जिसके चलते आवेदन में फर्जी हस्ताक्षर की आशंका सामने आई। लल्लू राम यादव ने कहा कि बैंक नियमों के अनुसार फर्जी हस्ताक्षर के आधार पर चेक बुक जारी करना संभव नहीं है।

हालांकि, जोगी यादव की उम्र और गंभीर बीमारी को देखते हुए मानवीय आधार पर बैंक ने अंततः चेक बुक जारी कर दी है, ताकि उनके इलाज में किसी प्रकार की और बाधा न आए।

### युवा विषय पर सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन

**अम्बिकापुर।** केआर टेक्निकल कॉलेज के रासेयो शिविर उद्घाटन के लिए युवा विषय पर सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन बुधवार को हायर सेकेंडरी स्कूल श्यामनगर में किया गया। शिविर के उद्घाटन संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो राजेंद्र लाकपाले, कुलसचिव डॉ.शारदा प्रसाद त्रिपाठी, संरक्षक श्रीकांत दुबे के आतिथ्य में किया गया। शिविर में कुलपति श्री लाकपाले ने नशामुक्त समाज के लिए युवाओं को दायित्व का बोध कराया साथ ही विकसित भारत के लक्ष्य में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका की जानकारी दी।

### दिलसाय मरपच्ची की प्रस्तुति ने बांधा समां, लोक संस्कृति का भव्य उत्सव

**सोनगरा।** मिनी स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम उस समय यादगार बन गया, जब छत्तीसगढ़ के करमा दल दिलसाय मरपच्ची एवं उनके साथियों ने अपनी मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति से परिसर को लोक संस्कृति के रंगों में सराबोर कर दिया। पारंपरिक कर्मा नृत्य और सुमधुर लोकगीतों की सजीव प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उल्लेखनीय है कि दिलसाय मरपच्ची कर्मा दल ने हाल ही में रायपुर में आयोजित शासकीय कर्मा प्रतियोगिता में उप विजेता तथा सूरजपुर में आयोजित कर्मा प्रतियोगिता में विजेता का खिताब हासिल किया है। इस उपलब्धि के बाद सोनगरा में दी गई उनकी प्रस्तुति ने न केवल लोककला की समृद्ध परंपरा को जीवंत किया, बल्कि क्षेत्रीय प्रतिभाओं के प्रति लोगों का उत्साह भी दोगुना कर दिया। मंच संचालन मंडल संयोजक रंजय सिंह द्वारा किया गया। इस दौरान राजेश पोर्ते, शिवनंदन पैकरा, कृष्णा सिंह, शरद चंद्र द्विवेदी, बालेश्वर सिंह, विजय सोनी, राकेश राजवाड़े, सोमारसाय सिंह, गोवर्धन सिंह मरकाम, अनुराग द्विवेदी, पारस सिंह, पीतांबरी पैकरा, शिवशंकर सिंह, श्यामाचरण, राम सिंह, पवन बरगाह, सुखदेव, पवन राम, बईगा मुन्ना सिंह, विनोद सिंह, मूलधर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



## आयुक्त एवं रोल ऑब्जर्वर ने ली एसआईआर को लेकर राजनैतिक दलों की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- मतदान केंद्रों में लॉजिकल एरर के संबंध में की चर्चा

एसआईआर के संबंध में आयुक्त एवं रोल आब्जर्वर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा जिले के सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में बताया गया कि जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र 4 प्रेमनगर, 5 भटगांव एवं 6 प्रतापपुर- में वर्तमान में कुल 980 मतदान केंद्र हैं। पूर्व में 889 मतदान केंद्र थे, जिन्हें युक्तियुक्तरण के तहत 91 नए मतदान केंद्र जोड़कर बढ़ाया गया है। विशेष गहन पुनरीक्षण की घोषणा के उपरांत 28 अक्टूबर की स्थिति में जिले में कुल 7,40,212 मतदाता पंजीकृत थे। इनमें से 6,65,504 मतदाताओं द्वारा गणना प्रपत्र जमा किए गए। प्राप्त गणना प्रपत्रों के अनुसार 21,028 मृत मतदाता, 38,656 स्थानांतरित मतदाता, 6,465 दोहरी प्रविष्टि वाले, 7,962 अनुपस्थित तथा 597 अन्य श्रेणी के मतदाता चिन्हित किए गए। इस प्रकार कुल 74,708 मतदाताओं के गणना प्रपत्र इन कारणों से प्राप्त नहीं हुए। 23 दिसंबर को मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के उपरांत जिले में 3,36,855 पुरुष, 3,28,642 महिला तथा 7 तृतीय लिंग मतदाता सहित कुल 6,65,504 मतदाता दर्ज किए गए हैं। तीनों विधानसभा क्षेत्रों को मिलाकर कुल 10,025 मतदाताओं को कैटेगरी सी में रखा गया है। कैटेगरी सी में वे मतदाता शामिल हैं, जिनका स्वयं अथवा जिनके पिता का नाम वर्ष 2003 की मतदाता सूची में दर्ज नहीं है। ऐसे मतदाताओं को नोटिस जारी कर आयोग द्वारा निर्धारित दस्तावेज सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अथवा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। विधिवत सुनवाई के बाद स्वीकार किए गए नामों को अंतिम मतदाता सूची में शामिल किया जाएगा। नए मतदाताओं के नाम जोड़ने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। 23 दिसंबर से 20 जनवरी की अवधि में अर्हता तिथि 1 जनवरी के अनुसार 14,057 तथा अर्हता तिथि 1 अक्टूबर 2026 के अनुसार 1,613 भावी मतदाताओं के आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिले के शासकीय महाविद्यालयों से 311 एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों से 1,441 फॉर्म-06 प्राप्त हुए हैं। इस प्रकार कुल 17,422 नए मतदाताओं के नाम जोड़ने हेतु आवेदन मिले हैं। वहीं, नाम विलोपन के लिए 837 फॉर्म 7 तथा संशोधन एवं स्थानांतरण के लिए 1,324 फॉर्म-08 प्राप्त हुए हैं। बैठक में आयुक्त एवं रोल आब्जर्वर द्वारा कैटेगरी सी के मतदाताओं की सुनवाई प्रक्रिया तथा मतदान केंद्रों में लॉजिकल एरर के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई।



## व्यपवर्तन की अंतर राशि जमा नहीं होने से जिला न्यायालय के नवीन भवन का निर्माण अटका, 2017 से है प्रस्तावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- जिला बार संघ के अधिकारियों ने बिलासपुर हाई कोर्ट चीफ जस्टिस से भेंट कर सौंपा निवेदन पत्र

वन भूमि व्यपवर्तन राशि जमा नहीं हो पाने से जिला न्यायालय सूरजपुर के नवीन भवन निर्माण का मामला वर्ष 2017 से अब तक अटका हुआ है,इस संबंध में मुख्य न्यायाधीश,उच्च न्यायालय बिलासपुर (छत्तीसगढ़)रमेश सिन्हा से अधिवक्ता संघ सूरजपुर ने मुलाक़ात कर निवेदन पत्र प्रेषित करते हुए शीघ्र हस्तक्षेप का विनम्र अनुरोध किया गया है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि वर्ष 2017 में जिला न्यायालय सूरजपुर के नवीन भवन निर्माण हेतु भूमि का चयन किया गया था।

चयनित भूमि में से 1.82 हेक्टेयर क्षेत्र वन भूमि के अंतर्गत आता है,जिसके वन व्यपवर्तन के लिए राज्य सरकार द्वारा सीएएमपीए मद में निर्धारित राशि जमा किया जाना आवश्यक है,वन विभाग द्वारा वर्ष 2020-21 में लगभग 31 लाख रुपये जमा करने का निर्देश दिया गया था, किंतु समय-सीमा में राशि जमा नहीं होने के कारण यह राशि वर्ष 2022-23 में बढ़कर 49.42 लाख रुपये हो गई,इसके पश्चात भी राशि समय पर जमा नहीं होने से वित्तीय वर्ष 2025-26 में यह राशि बढ़कर 64,26,559 रुपये हो गई,पत्र के अनुसार पूर्व में कुछ राशि जमा की जा चुकी है,जबकि वर्तमान में शेष 14,84,614 रुपये वित्तीय वर्ष 2025-26 में जमा किए जाने पर ही वन भूमि का व्यपवर्तन संभव हो सकेगा और जिला न्यायालय भवन हेतु भूमि आवंटन का मार्ग प्रशस्त होगा,पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि वर्ष 2013 में जिला न्यायालय सूरजपुर का गठन हुआ था,किंतु आज तक न्यायालय पुराने तहसील न्यायालय भवन में संचालित हो रहा है।

समय के साथ पीठासीन अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं मामलों की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है, जबकि भवन की सीमित क्षमता के कारण अधिवक्ताओं, पक्षकारों और आमजन को मूलभूत सुविधाओं के अभाव में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।




### दूरस्थ क्षेत्रों से अधिवक्ता एवं पक्षकार पहुंचते हैं सूरजपुर न्यायालय, बैठने की समुचित व्यवस्था नहीं

सूरजपुर जिले का भौगोलिक क्षेत्रफल काफी विस्तृत है, जहां से अधिवक्ता और पक्षकार 100 से 125 किलोमीटर दूर से न्यायालय आते हैं,वर्तमान में लगभग 370 अधिवक्ता एवं अन्य जिलों के अधिवक्ता भी यहां न्यायिक कार्यों के लिए आते हैं, परंतु बैठने एवं कार्य करने की समुचित व्यवस्था नहीं है। अधिवक्ता संघ सूरजपुर ने मुख्य न्यायाधीश से आग्रह किया है कि राज्य सरकार को निर्देशित कर शेष सीएएमपीए राशि वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति से पूर्व जमा कराई जाए, ताकि जिला न्यायालय सूरजपुर के नवीन भवन निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो सके और अधिवक्ताओं तथा आम नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो सकें,डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बलराम शर्मा ने बताया कि इस बावत न्यायाधिपति रमेश सिन्हा ने मामले के संज्ञान में आते ही तत्काल रजिस्ट्रार जनरल रजनीश श्रीवास्तव को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया है।इस दौरान बार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष बलराम शर्मा,सचिव राजेश गोयल,कोषाध्यक्ष राजू दास उपस्थित रहे।

### वूमेंस अंडर-15 और अंडर-19 ट्रायल गांधी स्टेडियम में 1 फरवरी से

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के दिशा-निर्देशों के अनुरूप गांधी स्टेडियम में वूमेंस अंडर-15 और अंडर-19 स्तर के ट्रायल 1 फरवरी को सुबह 8 बजे से प्रारंभ होंगे। यह ट्रायल राज्य स्तर पर प्रतिभाओं को चयनित करने का महत्वपूर्ण अवसर साबित होगा। जशपुर, सरगुजा और कोरिया जिलों की युवा क्रिकेटर भाग ले सकेंगी। संघ के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यह आयोजन महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने और राज्य टीम के लिए मजबूत बेंच स्ट्रेंथ तैयार करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। ट्रायल में भाग लेने वाली खिलाड़ियों को दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। अंडर-15 श्रेणी के लिए कट-ऑफ डेट 1 सितंबर 2011 से 31 अगस्त 2014 के बीच जन्मी बालिकाओं को पात्रता प्राप्त होगी। अंडर-19 के लिए 1 सितंबर 2007 के बाद जन्मी खिलाड़ी ही ट्रायल दे सकेंगी। सभी प्रतिभागियों को सफेद ड्रेस पहनकर निर्धारित समय सुबह 8 बजे स्टेडियम रिपोर्ट करना अनिवार्य होगा। विलंब से आने पर ट्रायल में भागीदारी की अनुमति नहीं दी जाएगी। ट्रायल के लिए आवश्यक दस्तावेज लाना जरूरी है। दस्तावेजों की जांच के बाद ही खिलाड़ी मैदान पर उतर सकेंगी। संघ के अधिकारियों ने दस्तावेजों में किसी प्रकार की त्रुटि या कमी होने पर ट्रायल से वंचित करने की बात कही। जशपुर, सरगुजा और कोरिया के कोचों व अभिभावकों ने इसे स्वागत योग्य कदम बताया है। पिछले वर्षों में इसी तरह के ट्रायलों से कई लड़कियां राज्य टीम में स्थान बना चुकी हैं। ट्रायल के चयनित खिलाड़ी आगे राज्य स्तरीय टूर्नामेंट्स में भाग लेंगी, जो बीसीसीआई की ओर से आयोजित होंगी।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com


19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411